हिन्दी प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी चंडीगढ़

तिथि 02 जुलाई 2025, समय 1810

**मुख्य समाचार :-**

- **लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल हरियाणा के मानेसर में शहरी स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्‌घाटन करेंगे।**

- **हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा कि हरियाणा राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की मेजबानी के लिए पूरी तरह तैयार हैं।**

- **भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और एम्स ने कहा - कोविड के टीकों और युवाओं की अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं।**

- **कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद खण्ड के नैसी गांव में मारकंडा नदी का तट टूटने से सेंकडो एकड़ फसल पानी में डूब गई -मरम्मत कार्य जारी।**

- **हिसार जिले के लाडवा गांव के निवासी नवीन पूनिया को भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया।**

*****************************************************************

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला कल हरियाणा के मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी में राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के शहरी

स्थानीय निकायों के अध्यक्षों के राष्ट्रीय स्तर के सम्मेलन का उद्घाटन करेंगे।दो दिवसीय इस सम्मेलन का विषय है - संवैधानिक लोकतंत्र को मजबूत बनाने और राष्ट्र निर्माण में शहरी स्थानीय निकायों की भूमिका। सम्मेलन का उद्देश्य तेजी से शहरीकरण कर रहे देश में शहरी स्थानीय निकायों की महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में कार्य करना है। इसका उद्देश्य लोकतांत्रिक संस्थाओं को मजबूत करना, सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करना और समकालीन युग में शहरी शासन के लिए अभिनव दृष्टिकोणों की खोज करना और उन्हें उजागर करना भी है। इस कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतिनिधि संवैधानिक जनादेश को पूरा करने और सार्वजनिक वितरण और नागरिकों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार करने के लिए नगरपालिका शासन को और अधिक प्रभावी बनाने सहित महत्वपूर्ण मुद्दों पर विचार-विमर्श करेंगे।

****************************************************************

हरियाणा विधानसभा अध्यक्ष हरविंद्र कल्याण ने कहा है कि मानेसर में कल से होने वाले दो दिवसीय देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि उन्होंने मानेसर स्थित आईसीएटी परिसर का दौरा कर तैयारियों का जायज़ा लिया है।श्री कल्याण ने कहा कि यह गौरव की बात है, हरियाणा को राष्ट्रीय स्तर के इस सम्मेलन की मेजबानी करने का अवसर मिला है। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान देश भर के विभिन्न राज्यों से आने वाले प्रतिनिधियों को हरियाणवी संस्कृति से भी रूबरू कराया जाएगा और हरियाणवी संस्कृति के साथ अतिथिगण का भव्य स्वागत किया जाएगा।विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि इन प्रतिनिधियों के लिए आवास, भोजन, परिवहन और सुरक्षा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं की जा चुकी हैं। अतिथियों को उनके ठहराव स्थलों से आयोजन स्थल तक आने-जाने की सुविधा के लिए विशेष वाहन की व्यवस्था की गई हैं। आयोजन स्थल पर उन्हें आवश्यक जानकारी देने हेतु हेल्प डेस्क भी स्थापित किए जा रहे हैं।विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से हरियाणा को देशभर से आए प्रतिनिधियों के समक्ष अपनी प्रशासनिक दक्षता, सांस्कृतिक पहचान और उत्कृष्ट नगर प्रबंधन का प्रदर्शन

करने का अवसर मिलेगा।

***************************************************************

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद और अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान-एम्स ने कहा है कि कोविड के टीकों और युवाओं की अचानक होने वाली मौतों के बीच कोई संबंध नहीं है। देश के दो प्रमुख चिकित्सा अनुसंधान संस्थानों के व्यापक अध्ययनों में पुष्टि हुई है कि भारत में इस्तेमाल हुए कोविड के टीके सुरक्षित और प्रभावी रहे हैं। इनके गंभीर दुष्प्रभावों के बहुत कम मामले मिले हैं।हमारे संवाददाता ने बताया है कि दोनों संस्थाओं ने दो अध्ययन किए। पहले अध्ययन में लोगों की आयु 18 और 45 वर्ष के बीच थी।

भारत में अचानक हृदय संबंधी मौतों की इन घटनाओं को आनुवंशिकी, जीवनशैली और पहले से मौजूद स्थितियों सहित कई अन्य कारणों को जिम्मेदार ठहराया जा सकता है।

***************************************************************

अमरनाथ तीर्थ यात्रा के लिए यात्रियों का पहला जत्था आज दोपहर जम्मू से कश्मीर पहुंच गया हैं। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने आज तड़के जम्मू में भगवती नगर बेस कैंप से श्री अमरनाथ जी की पवित्र गुफा के लिए यात्रा पर जा रहे पहले जत्थे को झंडी दिखाकर रवाना किया। यह गुफा कश्मीर में हिमालय क्षेत्र में बारह हजार 756 फीट ऊंचाई पर स्थित है।

इस वर्ष 38 दिनों की इस लंबी यात्रा को सुरक्षित और शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने के लिए सुरक्षा के अतिरिक्त उपाय किए गए हैं।

***************************************************************

कुरुक्षेत्र जिले के इस्माईलाबाद खण्ड के नैसी गांव में मारकंडा नदी का तटबंध टूट गया है। जिससे आधा दर्जन गांवो की सेंकडो एकड़ फसल डूब गई है।

ग्रामीणों का आरोप है कि समस्या पुरानी है लेकिन इसका हल नहीं किया गया- उनकी फसलें बर्बाद हो गई है।

एसडीएम कपिल शर्मा ने कहा कि नैसी गांव के पास मारकंडा नदी के तटबंध में दरार आने से 500 से 700 एकड़ जमीन में पानी भर गया है। तटबंध के क्षतिग्रस्त होने से पानी का बहाव खेतों की ओर मुड़ गया है, जिससे फसलों को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा कि मरम्मत कार्य तेजी से जारी है और यदि बारिश नहीं हुई तो आज शाम या कल तक स्थिति पर काबू पा लिया जाएगा।

*******************************************************************

सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि राष्ट्रीय खेल निति 2025 देश के खेल परिदृश्य को बदलने और नागरिकों को खेल गतिविधियों से सशक्त बनाएगी। केन्द्रीय मंत्रिमंडल द्वारा कल राष्ट्रीय खेल नीति 2025 को मंजूरी दी गई है।श्री वैष्णव ने कहा कि यह नीति खेल पर्यटन को बढ़ावा देने और देश में प्रमुख अंतरराष्ट्रीय आयोजनों को आकर्षित करने में भी मदद करेगी।

***खेलो भारत नीति के मेजर ऑब्जेक्टिव रहेगा कैसे 2047 तक टॉप फाइव स्पोर्टिंग नेशंस में गिनती हो भारत की। ये इसका ओवरऑल एक बड़ा ऑब्जेक्टिव है, सेकंड रहेगा पीपुल्स मूवमेंट बने, फिटनेस के साथ जुड़े, हमारे एजुकेशन पॉलिसी के साथ इसका एलाइनमेंट हो, इकोनॉमिक डेवलपमेंट के साथ जुड़े, सोशल डेवलपमेंट समाज के सभी वर्गों को इससे लाभ मिले, इन सबको ध्यान में रखते हुए खेलो भारत नीति बनी है। पूरे पॉलिसी को इम्प्लीमेंट करने***

***के लिए एक अच्छा फ्रेमवर्क बनाया गया है, जिससे कि सभी का पार्टिसिपेशन हो सके।***

उन्होंने कहा कि नीति के कार्यान्वयन के साथ, दुनिया के शीर्ष पांच खेल राष्ट्र बनने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

*************************************************************

हिसार जिले के लाडवा गांव के निवासी नवीन पूनिया को भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का कोच नियुक्त किया गया है। वो आजकल गुजरात के गांधी नगर में भारतीय महिला हैंडबॉल टीम को अभ्यास करवा रहे हैं। नवीन पूनिया ने कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी दी गई है उस पर वो सौ प्रतिशत खरा उतरने का प्रयास करेंगे।

नवीन ने भारतीय टीम में खेलते हुए अनेक उपलब्धियां देश के नाम की हैं। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने नवीन पूनिया को भारतीय महिला हैंडबॉल टीम का कोच बनने पर बधाई दी है।

*************************************************************